## संपादकीय

# स्वच्छता की बुनियाद

केंद्र सरकार की ओर से कराए गए स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 में एक बार फिर इंदौर ने सबसे स्वच्छ शहर का तमगा हासिल किया है। इस तरह इसने हैट्रिक लगाई है। सर्वे में छत्तीसगढ़, झारखंड और महाराष्ट्र को स्वच्छता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले देश के तीन राज्यों में गिना गया है जबकि उत्तराखंड के गौचर को गंगा किनारे बसे सर्वश्रेष्ठ कस्बे का गौरव प्राप्त हुआ है। स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत 2 अक्टूबर 2014 को हुई थी। इस तरह इसके पांच साल पूरे होने को हैं।

मोदी सरकार का यह एक अहम प्रॉजेक्ट रहा है। पांच वर्षों में इसने समाज के सामने स्वच्छता का अजेंडा मजबूती से रखा है। देश में स्वच्छता को लेकर बने माहौल का ही असर है कि आज गांवों में कई लड़कियों ने अपनी ससुराल में शौचालय बनाने पर जोर दिया और इसके लिए डटी रहीं। कुछ ने तो लड़के के यहां शौचालय न होने के कारण शादी तक से इनकार कर दिया। गांवों में लोग अब खुद आगे आकर शौचालय बनवा रहे हैं। यह परिवर्तन निरंतर प्रचार की ही देन है। लेकिन लगता है, सरकारी मशीनरी में इसके तौर-तरीकों को लेकर कोई भ्रम है, या फिर सरकार इसे स्पष्ट करने में असफल रही है। स्वच्छता सड़कों पर झाड़ू फेरने और कूड़े को कहीं छिपा देने से नहीं आ जाएगी। इसका संबंध रहन-सहन के तौर-तरीकों से है और इसके लिए ढांचागत बदलाव की जरूरत है। सरकार को इसके लिए बड़े पैमाने पर निवेश करना होगा। आज कई बड़े शहरों में कूड़ा डालने और उसकी प्रॉसेसिंग की कोई मुकम्मल व्यवस्था ही नहीं है। शहर का मास्टर प्लान बनाते समय अक्सर डंपिंग ग्राउंड या लैंडफिल साइट बनाने पर ध्यान ही नहीं दिया जाता। फिर बिना किसी ठोस नजरिए के कोई भी जगह इस काम के लिए तय कर दी जाती है।

लेकिन इसके बनने से पहले ही आसपास कॉलोनियां काट दी जाती हैं, जहां रहने वाले बगल में खड़े हो रहे कूड़े के पहाड़ का विरोध शुरू कर देते हैं। इसे देखते हुए कूड़ा डालने की जगह वहां से हटाने की घोषणा कर दी जाती है। कई शहरों में तो सीवर लाइनें ही बहुत कम लोगों को ध्यान में रखकर डाली गई हैं। किसी दिन सिंगल स्टोरी प्लान को मल्टी स्टोरी कर दिया जाता है और पांच साल के अंदर सीवर सिस्टम जवाब दे जाता है। तकनीकी बारीकियों को आगे के लिए छोड़ें। अभी तो ज्यादातर नगर निगम अपने खर्चों के लिए राज्य सरकारों पर निर्भर करते हैं। उनके गठन में सतही राजनीति हावी रहती है, जिससे उनके कामकाज का कोई लंबा खाका ही नहीं बनता। जाहिर है, स्वच्छता सिर्फ प्रचार अभियान चलाने से नहीं आएगी। इसके लिए टाउन प्लानिंग के स्तर से तैयारी करनी होगी और हर स्तर पर घपले रोकने होंगे। नगरपालिकाओं को अपनी आय के स्रोत खोजने होंगे और अपने कामकाज को प्रफेशनल रूप देना होगा।

# ई-कॉमर्स वेबसाइटों के फर्जी कस्टमर केयर नंबर से जालसाज लोगों को लगा रहे चूना

नई दिल्ली (आरएनएस)। अगर आप किसी ई-कॉमर्स कंपनी की वेबसाइट का कस्टमर केयर नंबर गूगल पर सर्च कर रहे हैं तो आपको बेहद सावधानी बरतने की जरूरत है, क्योंकि इन दिनों सर्च इंजन पर फर्जी कस्टमर केयर नंबरों की जैसे बाढ़ आ गई है। सर्च इंजनों पर फर्जी नंबर डालने वाले जालसाज आपके बैंक अकाउंट की जानकारी मांगकर आपको चूना लगाते हैं। इस तरह, एक छोटी सी चूक से आप बैंक खाते में पड़ी अपनी मेहनत की कमाई से हाथ धो बैठते हैं।



रेणु गुप्ता को भी यह सबक तब मिला, जब उनके खाते से मोटी रकम जालसाजों ने उड़ा ली। दरअसल, उनकी बेटी ने एक पॉप्युलर ई-कॉमर्स पोर्टल का कस्टमर केयर नंबर गूगल से लेकर उसपर कॉल किया। खुद को कस्टमर केयर रेप्रिजेंटेटिव बताने वाले व्यक्ति ने न केवल महिला के बैंक खाते से पैसे उड़ाए, बल्कि उसने मेसेज भी भेजा कि वह ट्रांजैक्शन कर रहा है और उनका मजाक उड़ाते हुए कहा, अब पैसा गया।

दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-24 में बुटिक चलाने वाली रेणु गुप्ता ने बताया कि उन्होंने एक पॉप्युलर ई-कॉमर्स वेबसाइट से एक हैंडबैग ऑर्डर किया था, लेकिन वह उन्हें पसंद नहीं आया, जिसके कारण उन्होंने इसे वापस करने का फैसला किया। एक मार्च को उनकी बेटी ने गूगल पर एक वेबसाइट से कथित कंपनी के कस्टमर केयर का नंबर निकाला और उससे संपर्क किया।

# दो युवकों ने फेसबुक को पहुंचाया 75 हजार पाउंड का नुकसान

## 60 हजार यूजर्स का डाटा किया लीक

सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)। यूक्रेन के रहने वाले दो युवकों ने एक ऑनलाइन क्विज के माध्यम से 60 हजार से ज्यादा फेसबुक यूजर्स को ब्राउजर स्थापित करने का लालच लेकर उनका प्रोफाइल डेटा लीक कर दिया। कंपनी ने दायर अपने मुकदमे में इस बात की जानकारी दी। द डेली बीस्ट ने एक रिपोर्ट में बताया कि एंड्रयू गोब्रेकोव और ग्लेब स्लक्वेस्की ने फेसबुक न्यूज फीड पर अपने खुद के विज्ञापन दिखाने के लिए ब्राउजर एक्सटेंशन का इस्तेमाल किया।

फेसबुक ने शुक्रवार को दायर अपने मुकदमे में बताया कि कीव में रहने वाले उद्यमियों ने कैलिफोर्निया और एंटी हैकिंग कानूनों का उल्लंघन किया है और इनके ऊपर फेसबुक के नियमों का उल्लंघन करने के लिए मुकादमा चलाया जाएगा। इसी के साथ कंपनी ने ये भी आरोप लगाया कि इन आरोपियों ने खासतौर पर रूसी भाषी लोगों को टारगेट किया है।

कंपनी ने लिखा है कि एक्सटेंशन इंस्टॉल करने के दौरान एप यूजर्स ने खुद के ब्राउजर के साथ समझौता किया। एक्सटेंशन को इस तरह तैयार किया गया था कि



जब एप यूजर्स फेसबुक या अन्य किसी सोशल नेटवर्किंग साइट पर जाएं तो उस दौरान उनकी जानकारी लीक हो जाए और उन्हें अनाधिकृत विज्ञापन नजर आएं।

ये दोनों अभियुक्त वेब सन ग्रुप नामक कंपनी से ताल्लुक रखते हैं। कंपनी ने अपनी शिकायत में दावा किया है कि कुल मिलाकर इन दोनों अभियुक्तों ने फेसबुक यूजर्स द्वारा लगभग 63 हजार ब्राउजरों का इस्तेमाल किया और फेसबुक को 75 हजार पाउंड का नुकसान पहुंचाया।

# पीएफ अकाउंट धारकों के लिए ईपीएफओ ला रहा खास सुविधा, मिलेगा फायदा

नई दिल्ली (आरएनएस)। एक जगह से नौकरी छोड़ने के बाद दूसरी कंपनी ज्वाइन करने पर अकसर श्रमिकों के लिए अपने पीएफ को दूसरी जगह ट्रांसफर करवाने के लिए कई कुछ करना पड़ता है। लेकिन



आने वाले दिनों में ये काम भी आसान हो जाएगा। अब कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) पीएफ धारकों के लिए एक खास सुविधा लाने जा रहा है।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के खाताधारकों को अगले वित्त वर्ष से नौकरी बदलने पर ईपीएफ हस्तांतरित करने के लिए आवेदन नहीं करना होगा। श्रम मंत्रालय के एक अधिकारी के अनुसार, यह ईपीएफ के हस्तांतरण की प्रक्रिया अपने आप हो जाएगी। बता दें कि ईपीएफओ के सदस्यों को यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) रखने के बाद भी पीएफ अमाउंट के ट्रांसफर के लिए अलग से अनुरोध करना पड़ता है। अधिकारी के मुताबिक ईपीएफओ ने पेपरलेस वर्क के लिए लगातार काम कर रहा है। अभी 80 प्रतिशत वर्क ऑनलाइन हो रहे हैं। लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में नौकरी बदलने पर पीएफ अमाउंट का ऑटोमेटिक ट्रांसफर महत्वपूर्ण है। ईपीएफओ को हर साल ईपीएफ हस्तांतरण के करीब 8 लाख आवेदन मिलते हैं।


# बीएसएनएल सब्सक्राइबर्स को दे रहा 25 प्रतिशत कैशबैक

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकारी टेलिकॉम कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) अपने ग्राहकों के लिए धमाकेदार ऑफर लेकर आई है। बीएसएनएल अपने वार्षिक प्लान पर 25 फिसदी कैशबैक दे रही है। जी हां.. दिसंबर के महीने में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने अपने नए और पुराने लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड और ब्रॉडबैंड वाई-फाई सब्सक्राइबर्स के लिए नया कैशबैक ऑफर पेश किया था। ये कैशबैक ऑफर 21 दिसंबर को ही खत्म हो जाना था लेकिन अब डेडलाइन को बढ़ाकर 31 मार्च तक कर दिया गया है। इस ऑफर के तहत जो बीएसएनएल सब्सक्राइबर्स एनुअल ब्रॉडबैंड प्लान्स लेंगे उन्हें 25 प्रतिशत कैशबैक का फायदा मिलेगा। ये कैशबैक अमाउंट ग्राहकों के अकाउंट में क्रेडिट कर दिया जाएगा।

इस अमाउंट का उपयोग ग्राहक भविष्य में किए जाने वाले रिचार्ज के लिए कर पाएंगे। बीएसएनएल ने एक्सटेंशन की घोषणा ट्विटर पर की थी।

# मिलिटरी कैंप से डरा पाक, भारत के खिलाफ सख्त ऐक्शन की मांग

नई दिल्ली (आरएनएस)। रांची वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम का इंडियन आर्मी की कैप पहन कर खेलने के सदमे को पाकिस्तान अभी तक पचा नहीं पाया है। बीसीसीआई ने भले ही यह साफ कर दिया हो कि उसने आर्मी कैप पहनकर खेलने के लिए पहले ही आईसीसी से इसकी परमिशन ले ली थी लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तान बीसीसीआई पर कड़ी कार्रवाई की बात कह रहा है। अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस संबंध में आईसीसी को कड़े शब्दों में



लेटर लिखा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अहसान मनी ने कराची में रविवार रात को पत्रकारों को बताया, हमने सख्ती के साथ आईसीसी को अपनी पॉइंट्स बता दिए हैं और अब इस में कोई ऊहापोह या कन्फ्यूजन नहीं है। उन्होंने कहा, अपने वकीलों से सलाह-मशविरा कर के हम अगले 12 घंटों में आईसीसी को एक और पत्र भेजेंगे।

मनी ने बताया कि पाकिस्तान का मत बिल्कुल साफ है कि क्रिकेट का उपयोग राजनीति के लिए नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, यह दूसरी बार है जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने क्रिकेट को राजनीति के लिए यूज किया है। इससे पहले भी उन्होंने आईसीसी से किसी और प्रयोजन के लिए अनुमति मांगी थी और उस परमिशन का उपयोग कहीं और किया था। यह किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं है।

# आज का राशिफल

मेषः आज आप स्फूर्ति और ऊर्जावान बने रहेंगे। घर में मित्रों और सगे-संबंधियों के आने से खुशहाली बनी रहेगी, उनकी तरफ से मिली हुई आकस्मिक भेंट आपको खुश कर सकती है।

वृषभः आज सोच संभलकर ही किसी भी प्रकार का निर्णय लें। किसी के साथ गलतफहमी हो सकती है। खराब तबीयत आपके मन को भी उदास बना सकती है।

मिथुनः सामाजिक, आर्थिक तथा पारिवारिक क्षेत्र में लाभ होने की संभावना है। मान- प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों की तरफ से लाभ मिल सकता है और उनके पीछे पैसे भी खर्च करने का योग है।

कर्कः नौकरी, व्यवसाय के क्षेत्र में उच्च पदाधिकारियों के प्रोत्साहन से आपका उत्साह दोगुना होगा। वेतन वृद्धि या पदोन्नति होने की पूरी संभावना है। माता और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अधिक निकटता रहेगी।

सिंहः आलस, थकान और ऊबन आपके कार्य करने की गति कम कर सकते हैं। पेट संबंधी शिकायत हो सकती है। नौकरी व्यवसाय में कुछ परेशानियां हो सकती हैं।

कन्याः मन और संयम को आज के दिन का मंत्र बनाने की गणेशजी सलाह देते हैं, क्योंकि स्वभाव में उग्रता किसी के साथ मनमुटाव करा सकती है। शत्रु काम में विघ्न डालने का प्रयास कर सकते हैं, इसलिए सचेत रहें।

तुलाः दैनिक कार्यों के बोझ से हल्का होने के लिए आज आप पार्टी, सिनेमा, नाटक या पर्यटन का आयोजन कर सकते हैं, मित्रों को आमंत्रित करेंगे।

वृश्चिकः आज के दिन कुछ आकस्मिक घटनाएं घट सकती हैं। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होंगे। ननिहाल पक्ष से कोई समाचार मिलने से मन व्यग्र होगा।

धनुः संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई के बारे में चिंता से मन परेशान रह सकता है। पेट संबंधी बीमारियां परेशान कर सकती हैं। कार्य की असफलता से निराश हो सकते हैं।

मकरः ताजगी एवं स्फूर्ति के अभाव से अस्वस्थता अनुभव होगा। मन में चिंता की भावना रहेगी। परिवार के सदस्यों के साथ अनबन या तकरार होने से मन खिन्न हो सकता है। समय से भोजन और शांत निद्रा से वंचित रहना पड़ेगा।

कुंभः गणेशजी कहते हैं कि आज आपका मन चिंता मुक्त होने से राहत महसूस करेंगे। आपके उत्साह में भी वृद्धि होगी। बुजुर्गों और मित्रों की तरफ से लाभ की अपेक्षा रख सकते हैं।

मीनः आर्थिक आयोजन करने के लिए आज शुभ दिन है। निर्धारित कार्य पूरे होंगे। आय में बढ़ोतरी हो सकती है। परिवार में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। सुरुचिपूर्ण भोजन प्राप्त होगा।

# छिपकली का शरीर के किन अंगों पर गिरना शुभ होता है या अशुभ

प्राचीन काल से शकुन और अपशकुन कई प्रकार के माने जाते हैं। जैसे कि पशु-पक्षियों के हरकते, हमारे द्वारा देखे गए सपने, शरीर के अंगों का फड़कना, विभिन्न ग्रहों की दशा, छिंक का आना, बिल्ली का रास्ता काटना आदि। इन संकेतों के द्वारा हम यह अंदाजा लगाते हैं कि हमारे साथ क्या शुभ और क्या अशुभ होने वाला हैं। ऐसे ही छिपकली को घर के दीवार पर देखने से कई लोग डर जाते हैं। लेकिन यदि वो आपके शरीर पर गिर जाएँ तो बहुत सारे सवाल उठते हैं और यह सोचने वाली भी बात हैं। परंतु ऐसी मान्यता हैं कि यदि आपके शरीर पर छिपकली गिरे तो आपको अपार धन की प्राप्ति होती हैं, वहीं दूसरी



ओर शरीर पर छिपकली का गिरना मृत्यु का संकेत देती हैं। ऐसे मे आइए जानते हैं कि शरीर के किस अंग पर छिपकली का गिरना शुभ होता हैं और शरीर के किस अंग पर छिपकली का गिरना अशुभ माना जाता है। दरअसल शरीर के कई ऐसे अंग हैं, जिनके ऊपर छिपकली के गिरने से आपको बहुत यश और धन की प्राप्ति होती हैं तो कई ऐसे अंग हैं, जिनके ऊपर गिरने से आपको हानी और मृत्यु होने का संकेत देती हैं।

छिपकली का गिरना शुभ या अशुभ

(1) गर्दन पर छिपकली का गिरना, यश की प्राप्ति होने का संकेत हैं।

(2) नाक के ऊपर छिपकली का गिरना भाग्योदय का संकेत हैं।

(3) बालों के ऊपर छिपकली का गिरना, मृत्यु का संकेत माना जाता हैं।

(4) मूंछ पर छिपकली का गिरना सम्मान की प्राप्ति होने का संकेत हैं।

(5) यदि आपकी दाढ़ी के ऊपर छिपकली गिरे तो आपके साथ कोई भयावह घटना होने का संकेत हैं।

(6) आपके कंठ पर छिपकली का गिरना, आपके शत्रुओं के नाश होने का संकेत हैं।

(5) यदि आपकी दाढ़ी के ऊपर छिपकली गिरे तो आपके साथ कोई भयावह घटना होने का संकेत हैं।

# एमसीसी ने कहा- 86 प्रतिशत प्रशंसक टेस्ट क्रिकेट को देते हैं तरजीह

नई दिल्ली। मेरिलबोन क्रिकेट क्लब ने घोषणा की कि 86 प्रतिशत खेल प्रेमी सीमित ओवर की तुलना में टेस्ट क्रिकेट को देखना पसंद करते हैं. इस आंकड़े से साबित होता है कि टेस्ट क्रिकेट के प्रति लोगों की रुचि घटी नहीं है.

एमसीसी ने 'एमसीसी टेस्ट क्रिकेट सर्वे' कराया, जिसमें 100 देशों के करीब 13,000 प्रशंसकों ने हिस्सा लिया जिसमें पाया गया कि प्रतिभागियों में से औसतन 86 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे खेल के पांच दिवसीय प्रारूप को देखने को तरजीह देंगे, जिसके बाद वनडे इंटरनेशनल, टी-20 इंटरनेशनल और घरेलू टी-20 का नंबर आता है.एमसीसी ने विज्ञप्ति में कहा, 'यह शानदार है कि टेस्ट क्रिकेट प्रशंसकों को सबसे ज्यादा पसंद आता है. एमसीसी टेस्ट क्रिकेट सर्वे अब भी टेस्ट क्रिकेट को शीर्ष क्रिकेट मानता है और यह उनका पसंदीदा प्रारूप है, जिसे वे देखना चाहते हैं.

# प्रीमियर लीग : लिवरपूल ने बर्नले को 4-2 से पराजित किया

लिवरपूल (आरएनएस)। लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) के 30वें दौर के मैच में रविवार को यहां एनफील्ड स्टेडियम में बर्नले को 4-2 से हराकर खिताब की दौड़ को रोमांचक बनाए रखा। इस मुकाबले का पहला गोल लिवरपूल के खिलाफ हुआ लेकिन मेजबान टीम दमदार वापसी करने में कामयाब रही। बीबीसी के अनुसार, इस जीत के बाद तालिका में दूसरे पायदान पर काबिज लिवरपूल के कुल 73 अंक हो गए हैं। बर्नले 30 अंकों के साथ 17वें पायदान पर बना हुआ है। मैच की शुरुआत बर्नले के लिए शानदार रही और छठे मिनट में ही एश्ले वेस्टवुड ने कॉर्नर से सीधा गोल करते हुए अपनी टीम को अप्रत्याशित बढ़त दिला दी।

# बच्चों को जरूर पसंद आएगा मशरूम-हरा प्याज का सूप



बच्चों को खाना खिलाना कभी-कभी काफी मुश्किल होता है। ऐसे में उनके पोषण और सेहत का ख्याल रखना मुश्किल हो जाता है। आपकी इस समस्या का निदान करने के लिए आज हम आपके लिए लेकर आए हैं मशरूम-हरा प्याज का सूप। यह बच्चों को तो पसंद आता ही है, बड़े भी इसे काफी शौक से पीते हैं। आइए जानते हैं इसकी रेसिपी

**सामग्री :**

बारीक कटा मशरूम- 400 ग्राम
बारीक कटा हरा प्याज- 2
पानी- 2 कप
बटर- 3 चम्मच
कॉर्न फ्लोर- 1 चम्मच
दूध- 1 कप
नमक व काली मिर्च- स्वादानुसार
बारीक कटी धनिया पत्ती- 4 चम्मच

**विधि :**

एक पैन में तेल गर्म करें और उसमें कटा हुआ मशरूम और हरा प्याज डालें। प्याज और मशरूम के मुलायम होने तक पकाएं। नमक और काली मिर्च पाउडर डालकर मिलाएं। गैस ऑफ करें और मशरूम को ठंडा होने दें। अब मशरूम को अन्य सभी सामग्री के साथ ब्लेंडर में डालकर अच्छी तरह से प्यूरी तैयार कर लें। सूप को वापस पैन में डालकर गाढ़ा होने तक पकाएं। जरूरत हो तो थोड़ा-सा पानी भी मिलाएं। नमक और काली मिर्च को स्वादानुसार एडजस्ट करें। धनिया पत्ती से गार्निश कर गर्मागर्म सर्व करें।


# शब्द सामर्थ्य-03

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 02 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

# सू-दोकू-03

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.02 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |